चाइल्डकेयर पेंडेमिक EBT (P-EBT) के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

2022-2023 स्कूल वर्ष के लिए *(31 मार्च, 2023)*

प्र1: चाइल्डकेयर P-EBT क्या है?

उ: यह फ़ेडरल सरकार द्वारा अनुमोदित अस्थाई भोजन लाभ है। इसे COVID-19 महामारी के दौरान 6 साल से कम उम्र के बच्चों वाले घरों की मदद करने के लिए बनाया गया है।

प्र2: चाइल्डकेयर P-EBT लाभों का पात्र कौन है?

उ: वर्मोंट में छह साल से कम उम्र के बच्चों वाले ऐसे घर, जिन्हें 3SquaresVT लाभ मिल रहे हैं। पात्र घरों को सितंबर 2022 से लेकर 11 मई, 2023 तक हर माह के लिए चाइल्डकेयर P-EBT लाभ दिए जाएंगे। चाइल्डकेयर P-EBT लाभ फ़ेडरल सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल खत्म होने के कारण 11 मई को समाप्त हो जाएंगे।

प्र3: चाइल्डकेयर P-EBT लाभ कितना है?

A: सितंबर 2022 - जनवरी 2023 के लिए चाइल्डकेयर P-EBT लाभ हर बच्चे के लिए $34.79 प्रति माह है। फरवरी - 11 मई के लिए अभी दर की गणना नहीं की गई है। माह के बीच में लाभ खत्म होने के कारण मई में चाइल्डकेयर दर प्रो-रेट की जाएगी।

प्र4: क्या गर्मियों के लिए कोई चाइल्डकेयर P-EBT लाभ है?

उ: फ़ेडरल सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल 11 मई को खत्म होना है, इसलिए गर्मियों में चाइल्डकेयर P-EBT लाभ नहीं होंगे। सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल समाप्त होने पर फ़ेडरल कानून वर्मोंट को गर्मियों में चाइल्डकेयर P-EBT लाभ जारी करने की अनुमति नहीं देता है।

प्र5: चाइल्डकेयर P-EBT लाभ कब दिए जाएंगे?

उ: लाभों का पहला राउंड (सितंबर 2022 से जनवरी 2023 के लिए) अप्रैल 2023 में दिया जाएगा। P-EBT चाइल्डकेयर लाभ के लिए पात्र बच्चों को सितंबर से जनवरी तक लाभ के महीनों के लिए हर उस महीने के लिए एक भुगतान मिलेगा जब परिवार को 3SquaresVT लाभ मिले थे।

फरवरी - 11 मई के लाभों को अगस्त के अंत में जारी करने की योजना है।

प्र6. कैसे पता चलेगा कि मेरा घर पात्र है या नहीं?

उ: Economic Services Division (ESD, आर्थिक सेवा विभाग) ऊपर दिए गए मापदंडों के आधार पर तय करेगा कि आपका बच्चा पात्र है या नहीं। अगर आप पात्र हैं, तो आपको ESD से एक पत्र मिलेगा, जिसमें बताया जाएगा कि आपको कैसे और कब लाभ मिलेगा।

प्र7: अगर हम पात्र हैं, तो हमें ये लाभ कैसे मिलेंगे?
उ: चाइल्डकेयर P-EBT लाभ उस EBT कार्ड पर जारी किए जाते हैं, जो आपके घर को आपके 3SquaresVT लाभों के लिए जारी किया गया था।

प्र8: मेरे बच्चे की कस्टडी दो घरों के बीच बँटी हुई है। लाभ किसे मिलेगा?
उ: लाभ उस वयस्क को भेजे जाएंगे, जो ESD द्वारा 3SquaresVT घर के मुखिया के तौर पर सूचीबद्ध है।

प्र9: मैं इस लाभ से क्या खरीद सकता/सकती हूँ?
उ: USDA वेबसाइट पर पात्र भोज्य आइटम्स की सूची देखें।

प्र10: मैं अपना EBT कार्ड कहाँ उपयोग कर सकता/सकती हूँ?
उ: आप ऐसी किसी भी जगह पर इसका उपयोग खाने की चीज़ें खरीदने के लिए कर सकते हैं जो 3SquaresVT स्वीकार करती है। इसमें वर्मोंट में ग्रोसरी स्टोर, सुपरमार्केट, किराना स्टोर और किसान मार्केट शामिल हैं। DCF के EBT वेब पेज पर अधिक जानें।

प्र11: मेरे बच्चे चाइल्डकेयर में नहीं हैं। क्या मुझे यह लाभ मिलेगा?
उ: हाँ। छह साल से कम उम्र के बच्चे और जिन्हें 3SquaresVT लाभ मिल रहे हैं, वे पात्र हैं।

प्र12: मेरे छह साल से बड़े अन्य बच्चे हैं। क्या वे चाइल्डकेयर P-EBT लाभों के पात्र हैं?
उ: नहीं। लाभ सिर्फ उन बच्चों के लिए है जो छह साल से छोटे हैं और 3SquaresVT लाभ पा रहे हैं। कृपया स्कूल-आयु वाले बच्चों के लिए उपलब्ध लाभों के बारे में अधिक स्कूल P-EBT अक्सर पूछे जाने वाले सवाल देखें।

प्र13: अगर मुझे ये लाभ नहीं चाहिए, तो क्या?
उ: भागीदारी ऐच्छिक है। अगर आप भाग न लेना चुनते हैं, तो आपके 3SquaresVT EBT कार्ड पर जारी किए गए अतिरिक्त लाभों का उपयोग न करें।

प्र14: क्या खर्च न किए जाने पर P-EBT लाभ एक्सपायर हो जाएंगे?
उ: हाँ। अगर 274 दिनों में कार्ड का उपयोग न किया जाए, तो P-EBT लाभ एक्सपायर हो जाएंगे।

प्र15: मेरे और अधिक सवाल हैं। मुझे अधिक जानकारी कहाँ मिलेगी?
उ: https://dcf.vermont.gov/esd/P-EBT पर जाएँ या 1-800-479-6151 पर कॉल करें और अधिक जानकारी के लिए विकल्प 7 चुनें।

VERMONT
AGENCY OF HUMAN SERVICES
DEPARTMENT FOR CHILDREN & FAMILIES

VERMONT
AGENCY OF EDUCATION